दिनांक 18.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ महापौर देवेन्द्र यादव आज 18 जनवरी गुरुवार को किफायती आवास योजना एएचपी मकानों का निरीक्षण करने पहुंचे और चल रहे कार्यों का अवलोकन किया।

नगर पालिक निगम द्वारा किफायती आवास योजनांन्तर्गत कुल 2936 मकानों का निर्माण कराया जाना है जिनमें वर्तमान में 444 मकानों का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। जिनमें आम्रपाली, छावनी, स्वप्निल डेवलपर्स कुरुद, रजत डेवलपर्स कोहका, लक्ष्मी बिल्डर्स रिसाली में कार्य प्रारम्भ है।

आम्रपाली ग्रुप छावनी में बन रहे 312 मकानों का निरीक्षण करने पहुंचे महापौर ने गुणवत्ता आदि विषयों को लेकर मुआयना किया एवं उक्त संबंधों में जानकारी ली जिनमें अब तक कुल 112 युनिट का स्लैब कास्टिंग पूर्ण हो चुका है।

जनसंपर्क विभाग